**कक्षा- चौथी**

**विषय – हिन्दी**

**समयावधि- 3:00 घण्टे** **अंक- 80**

---

**आवश्यक निर्देश –**

1. **सभी प्रश्न अनिवार्य हैं ।**
2. **प्रश्नों के रूप के अनुसार प्रश्न पत्र को पाँच भागों क,ख, ग,घ,ङ में बाँटा गया है।**
3. **प्रश्न 1से 15 तक बहुविकल्पीय प्रश्न हैं। प्रत्येक प्रश्न 1 अंक का है।**
4. **प्रश्न 16 से 25तक वस्तुनिष्ठ प्रश्न हैं। प्रत्येक प्रश्न 1 अंक का है।**
5. **प्रश्न 26से 33तक अति लघुत्तरात्मक प्रश्न हैं। प्रत्येक प्रश्न 2 अंक का है।**
6. **प्रश्न 34 से 41 तक लघुत्तरात्मक प्रश्न हैं। प्रत्येक प्रश्न 3 अंक का है।**
7. **प्रश्न 42 से 44 तक दीर्घोत्तरात्मक प्रश्न हैं। प्रत्येक प्रश्न 5 अंक का है।**
8. **शुद्ध , सुन्दर और सुवाच्य उत्तर, अंक बढ़ाने में सहायक होंगे।**

---

**भाग-क (बहुविकल्पीय प्रश्न)**

**(1-15) सही उत्तर का चयन करके लिखें । प्रत्येक प्रश्न एक अंक का है।**

**1.** "इतना डर तो मुझे शेर का भी नहीं है, जितना टपके का है।" - यह बात किसने, किसको कही?

(I) धनिया ने कुम्हार से

(II) कुम्हार ने अपनी पत्नी से

(III) धनिया ने अपनी पत्नी से

(IV) कुम्हार ने गधे से

**2.** “मैं तो जरूर जाऊँगा, चाहे कोई छुट्टी दे या न दे।” इस वाक्य से बलदेव के किस स्वभाव का पता चलता है?

(I) बलदेव हठी है। (II) बलदेव शर्मीला है।

(III) बलदेव साहसी है। (IV) बलदेव आलसी है।

**3.** थल पर पानी, नभ में पानी, पानी तेरी अजब कहानी। इन पंक्तियों के माध्यम से किसकी उपयोगिता की बात की जा रही है?

(I) थल (II) नभ (III) पानी (IV) कहानी

**4.** जड़ें हिला दी गाँधी जी ने,अंग्रेजों के राज की।जीवन देकर रक्षा कर ली, भारत माँ की लाज की।कौन से विकल्प में केवल अनुस्वार का प्रयोग किया गया है ?

(I) जड़ें, गाँधी (II) गाँधी, अंग्रेजों

(III) गाँधी, माँ (IV) जड़ें, अंग्रेजों

**5.** 'धनीराम ने गेहूँ का बोरा घोड़े की पीठ पर लाद दिया और स्वयं पैदल चलने लगा।' घोड़ा होते हुए भी धनीराम पैदल क्यों चलने लगा?

(I) क्योंकि बोरा लदा होने के कारण घोड़े की पीठ पर बैठने की जगह नहीं बची।

(II) क्योंकि धनीराम को घोड़े पर बैठने से डर लगता था।

(III) क्योंकि घोडा कमजोर था।

(IV) क्योंकि धनीराम को घोड़े की सवारी नहीं करनी आती थी।

**6.** "दिखने में चूहे जैसा। न मूँछ, न पूँछ फिर भी इसकी इतनी पूछ?" टेलीफोन ने यह बात किससे कही?

(I) माउस से (II) चिठ्ठी से (III) मोबाइल से (IV) कम्प्यूटर से

**7.** 'जादू का दीपक' कहानी का मुख्य पात्र कौन है?

(I) मुस्तफा (II) अलादीन (III) शहज़ादी (IV) जादूगर

**8.** 'क्या जाने क्यों नहीं मुझे भोजन भाता है'- पंक्ति के अंत में कौन से विराम चिह्न का प्रयोग उचित होगा?

(I) अल्प विराम (,) (II) पूर्णविराम (।)

(III) प्रश्ननवाचक चिह्न (?) (IV) योजक चिह्न (-)

**9.** वृद्ध बस में बैठकर यात्रा कर रही है। नीचे दिए गए वाक्यों में से उपर्युक्त वाक्य का शुद्ध रूप चुनिए।

(I) वृद्ध बस में बैठकर यात्रा कर रहा है।

(II) वृद्ध बस में बैठकर यात्री कर रहा है।

(III) वृद्ध बस में बैठकर यात्री कर रही है।

(IV) वृद्धा बस में बैठकर यात्रा कर रहा है।

**10.** दुरुपयोग शब्द का विपरीतार्थक शब्द क्या होगा?

(I) गलत उपयोग (II) सदुपयोग (III) उपयोग (IV) प्रयोग

**11.** भुने हुए कच्चे आम का शर्बत क्या कहलाता है?

(I) आम का पन्ना (II) आम (III) शर्बत (IV) पानी

**12.** दूसरों पर उपकार करने वाला क्या कहलाता है?

(I) सभ्य (II) परोपकारी (III) धर्माधिकारी (IV) उपहारी

**13.** टेलीफोन, मोबाइल से पहले संदेश भेजने का लोकप्रिय साधन क्या था?

(I) चिट्ठी (II) कागज (III) पेपर (IV) अखबार

**14.** 'वीर लाजपतराय खड़े जो लड सकते तूफान से' - वाक्य में विशेषण शब्द बताओ।

(I) वीर (II) लाजपतराय (III) खड़े (IV) लड़े

**15.** सरसों के फूल खिलने पर मनाया जाने वाला त्योहार कौन सा है?

(III) होली (II) दीवाली (III) दशहरा (IV) बसंतोत्सव

## भाग-ख (वस्तुनिष्ठ प्रश्न)

### (16-25) प्रत्येक प्रश्न एक अंक का है।

**16.** 'शेर जंगल की तरफ दौड़ा जा रहा था।' वाक्य को पढ़कर बताइए यह किस काल का वाक्य है?

**17.** सही शब्द का चयन करके रिक्त स्थान भरिए:-

रमेश ने बर्तन साफ करके रसोई का ................. खुला छोड़ दिया। (नल/बल्ब)

**18.** संक्रांति के दिन नये चावल का मीठा भात बनाकर ............ को चढ़ाया जाता है। (सूर्य/चंद्रमा)

**19.** पानी तेरी.......... कहानी। (अजब/ गजब)

**20.** भीतर/ चला/ के / अलादीन / गुफा/ गया - शब्दों को सही क्रम में लगाकर वाक्य को दोबारा लिखिए।

**21.** भारतवर्ष में गणतंत्र दिवस कब मनाया जाता है?

**22.** जानवरों को देखने के लिए बलदेव ने सरकस में कितने रुपये की टिकट खरीदी?

**23.** पोंगल का त्योहार मनाने से एक दिन पहले कौन सा त्योहार मनाया जाता है?

**24.** बालक को उसकी माँ की याद बार-बार आ रही थी? ( सही/ गलत)

**25.** मामा बुरे न होगे तो मैं उनसे मिलने जाऊंगा। (सही/ गलत)

## भाग-ग (अति लघुत्तरात्मक प्रश्न )

**(26-33) प्रत्येक प्रश्न दो अंक का है। इन प्रश्नों के उत्तर 10-20 शब्दों में लिखो |**

**26.** जैसे आकाश में बादल होते हैं वैसे ही आकाश में और क्या-क्या होता है?

**27.** आवश्यकता न होने पर बत्तियाँ और नल क्यों बंद कर देने चाहिए?

**28.** फागुन मास में कौन सा त्योहार आता है? आपको यह त्योहार कैसा लगता है?

**29.** बलदेव बड़ा 'जिद्दी' था। इस वाक्य में 'जिद्दी' शब्द बलदेव की विशेषता बता रहा है। आप में कौन-कौन सी विशेषताएं हैं?

**30.** 'पानी स्वच्छ रहे तो अच्छा'- यदि पानी स्वच्छ नहीं रहेगा तो क्या होगा?

**31.** उसके मन मे विचार आया कि दिन डूबने से पहले घर पहुँचना है। यहाँ 'दिन डूबने' का क्या अर्थ है? दिन डूबने से पहले घर क्यों पहुँचना चाहिए?

**32.** धनिया ने शेर से अपनी जान बचाने के लिए क्या किया?

**33.** चिट्ठी और टेलीफ़ोन की उदासी का क्या कारण था?

## भाग-घ ( लघुत्तरात्मक प्रश्न )

**(34-41) प्रत्येक प्रश्न तीन अंक का है । इन प्रश्नों के उत्तर 20-30 शब्दों में लिखो |**

**34.** जापान में हमारे घरों की भाँति ईंट-पत्थर और सीमेंट के घर नहीं होते। ऐसा क्यों?

**35.** कविता में 'गोवर्धनधारी' किसे कहा गया है और क्यों?

**36.** अलादीन वापिस आया तो शहजादी और महल को न पाकर व्याकुल हो गया। अलादीन ने इधर-उधर पूछताछ की। अलादीन तुरंत सब कुछ समझ गया। अलादीन बहुत दिनों तक उनकी खोज में रहा। अंत मे अलादीन ने बूढ़े जादूगर और शहजादी का पता लगा लिया। एक रात अलादीन भेष बदलकर महल में घुस गया। अलादीन शहजादी के कमरे तक पहुँचा। शहजादी अलादीन को देखकर बहुत प्रसन्न हुई। उपर्युक्त वाक्यों में अलादीन शब्द का बार-बार प्रयोग हुआ है। इसके स्थान पर सर्वनाम शब्द लिखते हुए वाक्य दोबारा लिखिए।

**37.** बिना तुम्हारे यहाँ न कोई बात सुहाती, क्या जाने क्यों तेरी सुधि है मुझको आती। - बालक को अपनी माँ के बिना कोई बात अच्छी नहीं लगती और उसकी याद आती रहती है। जब आपकी माँ कहीं चली जाती है, तो आपको उनकी याद कैसे आती है?

**38.** पानी से भोजन पकता है ।पानी से भोजन पचता है पानी से ही करें सिंचाईपानी तन की करे सफाईपानी है। जीवों का जीवन ।रोज बताती बूढ़ी नानी। प्रत्येक पंक्ति में आए 'पानी' शब्द के स्थान पर उसका पर्यायवाची शब्द लिखते हुए सभी पंक्तियों को दोबारा लिखिए।

**39.** वृक्ष और सरोवर के जीवन से हमें क्या शिक्षा मिलती है?

**40.** श्री कृष्ण ने युद्ध में अर्जुन की सहायता किस प्रकार की?

**41.** बलदेव ने सरकस में चीते से अपनी जान कैसे बचाई?

## भाग- ङ (दीर्घोत्तरात्मक प्रश्न)

**(42-44) प्रत्येक प्रश्न पाँच अंक का है । इन प्रश्नों के उत्तर 50-60 शब्दों में लिखो |**

**42.** धनीराम ने लालबुझक्कड़ की बात मानकर एक बोरे में पत्थर भरे और उसे एक ओर लटकाकर गेंहूँ का बोरा दूसरी तरफ कर दिया। क्या धनीराम ने ऐसा करके सही किया? यदि आप धनीराम की जगह होते तो क्या करते? और क्यों?

**43.** तोको जापान की रहने वाली है। उसे अपने जापानी होने पर गर्व क्यों है?

**44.** अलादीन को दोबारा से जादू का दीपक कैसे मिला? विस्तारपूर्वक बताइए।